FACT SHEET

हेपेटाइटिस बी (Hep B): एसटीआई तथ्य

हेप बी क्या है?

हेपेटाइटिस बी (Hep B) एक वायरस है जो लीवर को प्रभावित करता है। यह दीर्घकालीन/ क्रानिक हो सकता है, जिसका अर्थ है कि एक व्यक्ति के शरीर में जीवन भर रहेगा। टीकाकरण से हेप बी को रोका जा सकता है।

उचित उपचार के बिना, हेप बी लिवर में लंबे समय तक सूजन पैदा कर सकता है। यह यकृत की विफलता, कैंसर और मृत्यु सहित गंभीर बीमारियों में भी विकसित हो सकता है।

हेप ब का संक्रमण कैसे हो सकता है?

हेप बी संक्रमित व्यक्ति के रक्त, वीर्य, या अन्य शरीर के तरल पदार्थ के संपर्क में आने से पारित होता है। लोगों में हेप बी होने की संभावना जीवन के शुरुआती सालों में ज्यादा होती है। माँ से शिशु में हेप बी का संक्रमण जन्म से पहले या जन्म के दौरान हो सकता है।

हेप बी से संक्रमित होने के अन्य कारण निम्नलिखित हैं:

- बिना कंडोम के योनि, गुदा या मुख मैथुन करना
- अनिर्जीवाणुक उपकरणों से अपनी त्वचा को छेदना (सुइयों, सीरिंजों या अन्य इंजेक्शन लगाने वाले उपकरणों को साझा करना और टैटू करना)।
- टूथब्रश,रेज़र और/या नेल फ़ाइल साझा करना।
- संक्रमित व्यक्ति के शरीर का तरल पदार्थ किसी अन्य व्यक्ति के खुले घाव के संपर्क में आने पर

चुंबन करने, गले लगाने, हाथ पकड़ने, खांसने, छींकने, भोजन, पेय या खाने के बर्तन साझा करने, कीड़े या जानवर के काटने (मच्छर सहित) या बाथरूम, शॉवर या शौचालय साझा करने से हेप बी का संक्रमण नहीं होता।

हेप बी के संक्रमण को कैसे रोका जा सकता है?

- छह महीने में तीन इंजेक्शन के माध्यम से हेप बी के लिए टीका लगवाएं। टीकाकरण बहुत ही सुरक्षित और विश्वसनीय है। हेप बी टीकाकरण के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।
- मौखिक, योनि या गुदा मैथुन के दौरान कंडोम और डैम का प्रयोग करें। कंडोम हेप बी को फैलने से रोक सकता है।
- इंजेक्शन लगाने वाले उपकरण,रेज़र ब्लेड, टूथब्रश और सेक्स टॉय साझा न करें।

आप अपने local needle and syringe program (स्थानीय सुई और सिरिंज कार्यक्रम)से निर्जीविवाणुक/ स्टेराइल इंजेक्शन उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। ये मुफ़्त, अनाम और गोपनीय सेवाएँ हैं। आप कुछ फार्मेसियों से स्टेराइल इंजेक्शन उपकरण भी प्राप्त कर सकते हैं।

हेप बी की जांच कैसे हो सकती है?

रक्त परीक्षण द्वारा हेप बी की जांच की जा सकती है। आपको अपने डॉक्टर को हेप बी टेस्ट कराने के लिए कहना होगा क्यूंकि यह आपके डॉक्टर द्वारा किए गए सामान्य रक्त परीक्षण का हिस्सा नहीं है। यदि आप हेप बी के संपर्क में आ चुके हैं तो तुरत डॉक्टर को दिखाना महत्वपूर्ण है।

हेप बी और अन्य यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) के लिए परीक्षण पीड़ापूर्ण नहीं है। परीक्षण आसान, गोपनीय है और इसमें शर्म की कोई बात नहीं है।

यदि आपकी हेप बी जांच का परिणाम पाज़िटिव है, तो अपने साथिओं को बताना महत्वपूर्ण है ताकि वे भी जांच एवं इलाज करवा सकें। यदि आपको अपने साथिओं से संपर्क करने में सहायता की आवश्यकता है तो अपने डॉक्टर से पूछें या 1800 803 990 (मुफ्त कॉल) पर Hepatitis Infoline पर कॉल करें।

FACT SHEET

हेपेटाइटिस बी (Hep B): एसटीआईआई तथ्य

हेप बी का ईलाज कैसे हो सकता है?

हेप बी का कोई इलाज नहीं है।

कई वयस्क स्वाभाविक रूप से इलाज के बिना हेप बी से छुटकारा पा लेंगे, लेकिन कुछ लोगों (विशेष रूप से छोटे बच्चों) में दीर्घकालीन/क्रानिक स्वास्थ्य स्थितियां विकसित हो सकती हैं जिन्हें नियमित देखभाल की आवश्यकता होती है। क्रोनिक हेप बी वाले लोग लीवर की क्षति को रोकने के लिए दवाएं ले सकते हैं। हेप बी के लिए दवाएं आपको स्वस्थ रहने और अच्छे से जीने में मदद करेगी।

हेप बी और अन्य एसटीआई के बारे में अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?

हेप बी या एसटीआई और आपके यौन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी और समर्थन के लिए, 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल करके आप विशेषज्ञ यौन स्वास्थ्य नर्स से बात कर सकते हैं। यह मुफ़्त, गोपनीय और गैर-न्यायिक सेवा है। आप Hepatitis Infoline को 1800 803 990 पर कॉल कर सकते हैं या International Student Health Hub हेल्थ हब पर जा सकते हैं।

यदि आप चाहते हैं कि कोई दुभाषिया स्वास्थ्य सेवाओं या जानकारी तक पहुँचने में आपकी मदद करें, तो कृपया Translating and Interpreting Service से 131 450 पर संपर्क करें।

Scan the QR code to find out more about Hep B and STIs